Chapter- 3

# दो वर्णों वाले शब्द

## STUDY NOTES

- हिन्दी वर्णमाला को दो भागों में बांटा गया है। एक है स्वरवर्ण दूसरा व्यंजन वर्ण है।
- स्वर वर्णों की संख्या – १ ३ है और यह अ से अः तक है।
- व्यंजन वर्णों की संख्या ३ ९ है।
- हिन्दी वर्णमाला को पूरी तरह से पढ़ने के बाद हम शब्द पढ़ेंगे।
- जब कई वर्ण मिलकर एक अर्थ प्रदान करता है तब हम उसे शब्द कहते हैं।

  जैसे – ज + ल = जल

  जल शब्द में दो वर्णों का योग है इसलिए इसे दो वर्णोंवाले शब्द कहते हैं।
- हर किसी वर्ण को जोड़ने से शब्द नहीं बनता।

  जैसे – ल + क = लक

  यहाँ पर 'लक' को हम शब्द नहीं कहेंगे क्योंकि इसका (लक) कोई अर्थ नहीं है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

- **शब्द -** जब कोई वर्ण दूसरे वर्ण से मिलकर एक अर्थ प्रदान करताा है, तब वह शब्द कहलाता है।

  जैसे कि -

  घ + र = घर

  न + ट = नट

  क + ल = कल

  आ + म = आम

**इन शब्दों को उच्चारण करते हुए पढ़ो।**

दो वर्णों के मेल से जो शब्द बनते हैं, हम उसे दो वर्णों वाले शब्द कहते हैं।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कल | तब | मत | डर | दस |
| नल | अब | खत | पर | बस |
| फल | जब | धत | घर | रस |
| जल | कब | घट | भर | कस |
| हल | सब | नट | कर | नस |

**वाक्य** – जब हम कई शब्दों को एक साथ बोलते हैं और इससे एक अर्थ मिलता है तब वह वाक्य कहलाता है।

जैसे – अमन घर चल।

यहाँ पर तीन अलग अलग शब्द हैं हम उसे एक साथ बोलने से एक अर्थ निकलता है। इसलिए हम उसे वाक्य कहते हैं।

- घर चल।
- नल पर घट रख।
- रथ पर चढ़।
- सच कह।

## विशेष बातें

**समानलय वाले शब्द –**

जिन शब्दों के उच्चारण से एक जैसा स्वर सुनाई दें और इसका आखरी वर्ण एक समान हो उसे हम समानलय वाले शब्द कहेंगे।

जैसे कि – जल – नल

नट – नट

पर – सर

**पठित गद्यांश** – (Seen Passage)

पठित गद्यांश का अर्थ है पढ़ा हुआ पाठ। आपके पढ़ाया गया पाठ से संबंधित गद्यांश दिया जाएगा। उस गद्यांश के अंदर से ही कुछ प्रश्न पूछा जाएगा और आपको उस गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर देना होगा।

**अपठित गद्यांश** - (Unseen Passage)

अपठित गद्यांश का अर्थ है न पढ़ाया गया पाठ। इसमें आपको एक नए पाठ का गद्यांश दिया जाएगा। जिसे आप पहले कभी नहीं पढ़े होंगे। उस अनुच्छेद / गद्यांश से कुछ प्रश्न पूछा जाएगा, और आपको उसका उत्तर उस गद्यांश से ढूँढकर देना होगा।

**संदर्भ में से संदर्भ** - (Reference to context)

Reference to context का अर्थ है आप के पढ़े हुए पाठ से कुछ प्रश्न दिया जाएगा आपको उसका उत्तर उस पाठ के अंदर से देना होगा।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

# अभ्यास कार्य

**१. सजाकर लिखें।**

लक –

लन –

रघ –

**२. सही वर्ण लगाकर शब्द पूरा करें।**

र .....     न .....     घ .....     ध .....

**३. अपठित गद्यांश।**

घर चल। आम चख।

सर पर घट रख।

यह जग रख।

इन वाक्यों को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर दें।

क) समान लय वाले शब्द लिखें।

घर –

रख –

ख) 'घ' वर्ण से सबंधित दो शब्द लिखें।

**४. 'ख' वर्ण से दो शब्द लिखें।**

ख - ............,    ............

**५. वाक्य पूरा करें।**

(पढ़, कह, भर, फल)

टब ........ कर रख।

खत ........।

........ चख।

सच ........।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

**६. वर्णों को जोड़कर शब्द बनाएँ।**

छ + त = छत

न + ट = ........

न + स = ........

**७. शब्दों को बिच्छेद करके लिखें।**

घट = घ + ट

कल = ........

दस = ........

♦♦♦